# यमुना एक्सप्रेस-वे पर एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने किया 4500 करोड़ निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यीडा ने एस्कॉर्ट्स कुबोटा को दी सेक्टर-10 में 190 एकड़ भूमि

अमृत विचार : योगी सरकार की उद्योग नीति और निवेशक हितैषी कदमों का बड़ा नतीजा सामने आया है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने सोमवार को एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को 190 एकड़ भूमि का एलओआई जारी किया है। ये जमीन सेक्टर-10, यमुना एक्सप्रेस-वे में ट्रैक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए दी गई है। यहां कंपनी कुल 4500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 4000 लोगों को रोजगार देगी।

एस्कॉर्ट्स (भारतीय कंपनी) और जापानी दिग्गज कंपनी कुबोटा ने वर्ष 2019 में साझेदारी की थी। दोनों मिलकर भारतीय और वैश्विक बाजार के लिए मूल्य-उन्मुख ट्रैक्टर विकसित कर रहे हैं। इस ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तहत ट्रैक्टर, इंजन, फार्म और कंस्ट्रक्शन उपकरण बनाए जाएंगे। एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने 17 अगस्त 2024 को प्रदेश सरकार के साथ 200 एकड़ जमीन पर ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए एमओयू साइन किया था।

## पहले चरण में ट्रैक्टर और उपकरण प्लांट

पहले चरण में कंपनी 2000 करोड़ रुपये का निवेश करके ट्रैक्टर प्लांट, कामर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बाजार की मांग और पहले चरण की क्षमता के आधार पर दूसरे चरण का विस्तार किया जाएगा। इस प्लांट के जरिए एस्कॉर्ट्स कुबोटा भारत से न सिर्फ घरेलू बल्कि वैश्विक बाजार को भी आपूर्ति करेगी। साथ ही, कंपनी की योजना है कि भारत से कुबोटा के वैश्विक रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए साझा सेवाएं भी शुरू की जाएं।